प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 सोमवार दिनांक 07.04.2025

मुख्य समाचारः—

- रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि खरसिया—नया रायपुर—परमालकसा रेल परियोजना छत्तीसगढ़ की रेल कनेक्टिविटी के लिए वरदान साबित होगी।

- छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा और नारायणपुर जिले में आज कुल इकतीस माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया—इनमें से आठ माओवादियों पर करीब साढ़े नौ लाख रूपए का इनाम घोषित था।

- स्वास्थ्य और बेहतर स्वास्थ्य अभ्यासों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए आज छत्तीसगढ़ सहित देशभर में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जा रहा है।

- प्रदेश में कल से ''सुशासन तिहार'' का आयोजन किया जाएगा।

<u>रेलमंत्री—प्रेसवार्ता—01</u>

रेल तथा सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि खरसिया—नया रायपुर—परमालकसा रेल परियोजना छत्तीसगढ़ की रेल कनेक्टिविटी के लिए वरदान साबित होगी। आज नई दिल्ली स्थित रेल भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए रेलमंत्री ने कहा कि आठ हजार सात सौ करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली इस परियोजना से पूरे छत्तीसगढ़ को एक छोर से दूसरे छोर तक कवरेज मिलेगा। यह परियोजना ओड़िशा की सीमा से महाराष्ट्र की सीमा तक रेल नेटवर्क की सुविधा प्रदान करेगी।

रेल मंत्री ने बताया कि दो सौ अठहत्तर किलोमीटर लंबे इस रूट के निर्माण के बाद आठ से ज्यादा मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन इस पर किया जाएगा।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में रेलवे से जुड़े हजारों—करोड़ों रूपए के काम कराए जा रहे हैं।

<u>केन्द्र—उत्पाद शुल्क</u>

केन्द्र सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में दो रुपये प्रति लीटर की वृद्धि का निर्णय लिया है। लेकिन, तेल विपणन कंपनियों ने कहा है कि दोनों पेट्रोलियम उत्पादों के खुदरा मूल्यों में कोई वृद्धि नहीं होगी। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने आज नई दिल्ली में बताया कि घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के मूल्य में पचास रुपये प्रति सिलेंडर की वृद्धि की गई है। श्री पुरी ने कहा कि कल से उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के लिए गैस सिलेंडर का मूल्य पांच सौ पचास रुपये और अन्य के लिए आठ सौ तिरपन रुपये होगा।

<u>माओवादी—आत्मसमर्पण</u>

छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा और नारायणपुर जिले में आज कुल इकतीस माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है।

दंतेवाड़ा जिले में चलाए जा रहे लोन वर्राटू अभियान से प्रभावित होकर आज छब्बीस माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है। इनमें से तीन माओवादियों ने पर साढ़े चार लाख रूपए का इनाम घोषित था। इन माओवादियों ने पुलिस अधीक्षक गौरव राय के समक्ष आत्मसमर्पण किया।

वहीं, नारायणपुर जिले में भी पांच महिला माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। इन सभी पर एक–एक लाख रूपए का इनाम घोषित था। ये माओवादी परलकोट इलाके में सक्रिय थी। आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों को प्रोत्साहन राशि के रूप में पच्चीस–पच्चीस हजार रूपए का चेक प्रदान किया गया। इसके अलावा इन्हें नक्सल पुनर्वास नीति के तहत मिलने वाली सभी प्रकार की सुविधाएं दी जाएंगी।

इस बीच, नारायणपुर जिले में आईईडी विस्फोट में एक ग्रामीण के घायल होने की खबर है।

विश्व स्वास्थ्य दिवस

स्वास्थ्य और बेहतर स्वास्थ्य अभ्यासों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए आज छत्तीसगढ़ सहित देशभर में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जा रहा है। इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य दिवस का विषय है "स्वस्थ शुरुआत, आशापूर्ण भविष्य"। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संदेश में कहा कि अच्छा स्वास्थ्य हर संपन्न समाज की नींव है।

आज आधुनिक दुनिया की जो लाइफस्टाइल है, जो नई–नई बीमारियां हम देख रहे हैं इसलिए आज निरोगी रहना जीवन के सफर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हो सकता है। हम भारतीय वसुधैव कुटुम्बकम और सर्वे सन्तु निरामया इस भावना से जीने वाले लोग हैं।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विश्व स्वास्थ्य दिवस पर प्रदेशवासियों से स्वस्थ जीवन शैली अपनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवन जीने के लिए संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना जरूरी है।

सुशासन तिहार

प्रदेश में कल आठ अप्रैल से ''सुशासन तिहार'' का आयोजन किया जाएगा। तीन चरणों में होने वाले ''सुशासन तिहार'' के तहत पहले चरण में आठ से ग्यारह अप्रैल तक लोगों से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। वहीं, दूसरे चरण में एक महीने के भीतर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। तीसरे और अंतिम चरण में पांच मई से इकतीस मई के बीच समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

कल से ग्यारह अप्रैल तक ग्राम पंचायत मुख्यालयों और नगरीय निकाय कार्यालयों में सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की व्यवस्था पोर्टल में भी रहेगी।

समाधान शिविरों में मुख्यमंत्री सहित मंत्री, सांसद, विधायक और राज्य शासन के अधिकारी भी शामिल होंगे।

पोषण पखवाड़ा

केन्द्रीय महिला और बाल विकास मंत्रालय कुपोषण को दूर करने के उद्देश्य से कल से पोषण पखवाड़ा का सातवां संस्करण मनाएगा। इस वर्ष के पोषण पखवाड़े में मुख्य रूप से चार विषयों पर जोर दिया जाएगा। ये विषय हैं जीवन के पहले एक हजार दिनों पर ध्यान केंद्रित करना, पोषण ट्रैकर के लाभार्थी मॉड्यूल को लोकप्रिय बनाना, कुपोषण का प्रबंधन और बच्चों में मोटापे को दूर करने के लिए स्वस्थ जीवन शैली।

केन्द्रीय महिला और बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर कल एक वेबकास्ट के माध्यम से अट्ठारह भागीदार मंत्रालयों के अधिकारियों, राज्य महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों और सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगी।

जल–संरक्षण

छत्तीसगढ़ में भूजल संवर्धन के लिए जरूरी संरचानाओं का निर्माण मनरेगा, जिला खनिज न्यास मद और आपदा प्रबंधन कोष से कराया जाएगा। इस संबंध में जल संसाधन विभाग ने राज्य के सभी कलेक्टरों को पत्र जारी किया है। पत्र में भूजल के दोहन पर सतत् निगरानी रखने के लिए कहा गया है।

भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय द्वारा तैयार भूजल सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार छत्तीसगढ़ के एक सौ छियालीस विकासखंडों में से पांच विकासखंड भूजल दोहन के हिसाब से क्रिटिकल यानि संकटकालीन स्थिति में

है। ये विकासखंड हैं – बालोद जिले का गुरूर, बेमेतरा जिले का नवागढ़, बेमेतरा और बेरला तथा रायपुर जिले का धरसीवां विकासखंड। इसके अलावा इक्कीस विकासखंडों को सेमी क्रिटिकल स्थिति में पाया गया है।

## मुख्यमंत्री–जशपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज जशपुर में स्वर्गीय जगदेव राम उरांव कल्याण आश्रम चिकित्सालय का भूमिपूजन किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने ''सेवांकुर भारत–एक सप्ताह देश के नाम'' कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अस्पताल का निर्माण एनटीपीसी द्वारा पैंतीस करोड़ रूपए की लागत से कराया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने आज जशपुर प्रवास के दौरान जिला अस्पताल में सिकल सेल थैलेसिमिया परामर्श जागरूकता तथा एच.एल.ए. मैचिंग शिविर का शुभारंभ किया।

इसके अलावा मुख्यमंत्री ने जशपुर के बगिया स्थित सीएम कैम्प कार्यालय से मोबाइल कैंसर डिटेक्शन वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

## बच्ची–हत्या

दुर्ग जिले के मोहन नगर थाना क्षेत्र में एक बच्ची के साथ दुष्कर्म और हत्या का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार बच्ची सुबह घर से कन्याभोज के लिए निकली थी। शाम तक वापस नहीं लौटी तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। इस दौरान एक कार में बच्ची की लाश मिली। पुलिस ने इस मामले में आरोपी के रूप में बच्ची के चाचा को गिरफ्तार किया है।

## मौसम

एक पश्चिमी विक्षोभ के कारण प्रदेश के कुछ स्थानों में कल से मौसम में बदलाव हो सकता है। मौसम विभाग के अनुसार कल आठ अप्रैल को रायपुर, बस्तर, दुर्ग और बिलासपुर संभाग के कुछ जिलों में हल्की वर्षा होने या गरज–चमक के साथ छीटें पड़ने की संभावना है। इसके अलावा प्रदेश के कुछ स्थानों पर वज्रपात होने या अंधड़ चलने की संभावना जताई गई है।

## संक्षिप्त समाचार

- आज भारत सहित एशिया के तमाम शेयर बाजारों में भारी गिरावट देखी गई। संसेक्स में आज करीब तीन प्रतिशत यानि बाईस सौ प्वाइंट से अधिक की गिरावट दर्ज की गई।

- राज्यपाल रमेन डेका ने आज सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिले के प्रवास के दौरान कलेक्टोरेट परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया। राज्यपाल ने सारंगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को सामग्री का वितरण किया।

- भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर रायपुर स्थित प्रदेश कार्यालय में पार्टी के ''अतीत से वर्तमान तक के सफर पर'' केन्द्रित प्रदर्शनी लगाई गई है। इसका उदघाटन आज क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जमवाल और संगठन महामंत्री पवन साय ने किया।

- पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा की रिमांड अवधि ईओडब्ल्यू की विशेष कोर्ट द्वारा पांच दिन बढ़ा दी गई है। अब ग्यारह अप्रैल तक वे पुलिस रिमांड में रहेंगे।

- जशपुर जिला प्रशासन और बालको मेडिकल सेंटर द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुनकुरी में सात और आठ अप्रैल को निःशुल्क रक्त तथा कैंसर रोग परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

- कोंडागांव जिले के बड़े राजपुर ब्लॉक के तितरखंड गांव में वार्षिक देव मेला शुरू हो गया है। इसमें चौबीस परगनों से देवी–देवताओं को लाया गया है और उनकी विधि–विधान से पूजा अर्चना की जा रही है।